# 103 किलो मूंगफली तेल सीज, एक क्विंटल अवधिपार खाद्य सामग्री को मौके पर नष्ट कराया

## कार्यवाही के दौरान 1 क्विंटल के लगभग अवधिपार मिली खाद्य सामग्री जिसमें सॉस, मसाले, चाय पत्ती शामिल है नष्ट करवाये गये


भीम में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए खाद्य सुरक्षा दल।

- **15 लीटर अवधिपार कॉल्ड ड्रिंक को भी करवाया नष्ट**
- **भीम में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत बडी कार्यवाही**

**राजसमंद,** (कासं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के आदेशों पर सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा दल द्वारा भीम में बडी कार्यवाही कर 103 किलो मुंगफ ली का तेल को मौके पर सीज किया गया तथा कार्यवाही के दौरान 1 क्विंटल के लगभग अवधिपार मिली खाद्य सामग्री जिसमें सॉस, मसाले, चाय पत्ती शामिल है नष्ट करवाये गये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचन्द शर्मा ने बताया कि भीम क्षेत्र में कमलेश किराणा एंड जनरल स्टोर से मूंगफ ली के तेल का एक नमुना लिया गया तथा लगभग 103 किलोग्राम मूंगफ ली के तेल को मौके पर सीज किया गया। उक्त फ र्म पर अवधि पार 30 किलोग्राम के लगभग सॉस तथा मसालो को भी मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

टीम ने भीम रोडवेज बस स्टेंड रोड स्थित नाकोडा स्वीट्स एण्ड किराणा स्टोर से मुंग दाल तथा मसूर की दाल का एक नमुना लिया तथा लगभग 15 लीटर अवधिपार कोल्ड ड्रिंक को नष्ट करवाया। टीम ने भीम हॉस्पीटल रोड स्थित गोपालदास लीलाराम किराणा स्टोर का निरीक्षण किया जहां खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सरसों तेल का नमुना लिया गया तथा निरीक्षण के दौरान अवधि पार तेल, चाय पत्ती, नमक, मसाले तथा अन्य खाद्य सामग्री लगभग 70 किलोग्राम को मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

उन्होंने बताया कि लिए गये खाद्य पदार्थो के नमुनो को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला उदयपुर में भिजवाया जायेगा तथा जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचन्द शर्मा, प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र डांगी तथा सहायक महेन्द्र सिंह शामिल थे। सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशो पर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रो में नियमित कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस के सर्जिकल स्ट्राइक में मध्यप्रदेश की ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड

- **तलाशी के दौरान पिकअप में घरेलू सामान के नीचे छिपाए गए 6 ड्रम बरामद हुए। इनमें 2-ब्रोमो 4-मिथाइल प्रोपियोफेनोन नामक केमिकल भरा था, जिसका उपयोग एमडी जैसी खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में किया जाता है**

**जयपुर।** झालावाड़ पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश में चल रही ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। डीआरआई जयपुर के इनपुट पर की गई इस संयुक्त कार्यवाही में पुलिस ने 320.72 किलोग्राम संदिग्ध केमिकल और पिकअप व महिंद्रा टीयूवी जब्त कर 5 तस्करों को डिटेन किया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार 3 फरवरी की रात को झालरापाटन थानाधिकारी अल्का और डीएसटी प्रभारी मोहन लाल के नेतृत्व में टीमों ने ग्रोथ सेंटर चौराहे पर खड़ी संदिग्ध पिकअप और महिंद्रा टीयूवी को चैक किया।

तलाशी के दौरान पिकअप में घरेलू सामान के नीचे छिपाए गए 6 ड्रम बरामद हुए। इनमें 2-ब्रोमो 4-मिथाइल प्रोपियोफेनोन नामक केमिकल भरा था, जिसका उपयोग एमडी जैसी खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में किया जाता है।

प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए तस्करों दीपक (30), जितेंद्र सिंह (41) और शैलेंद्र विलाला (26) निवासी आगर मालवा मध्य प्रदेश ने खुलासा किया कि वे यह केमिकल ट्रांसपोर्ट के जरिए महाराष्ट्र से कोटा मंगवाया था। वहां से इसे किराये की पिकअप में भरकर मध्य प्रदेश के आगर में जयनारायण उर्फ मामू को डिलीवरी देने जा रहे थे। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल मध्य प्रदेश के सुसनेर में दबिश देकर मुख्य रिसीवर जयनारायण मामू और उसके साथी रामलाल को भी दबोच लिया।

मामू से कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस राजगढ़ जिले के माचलपुर पहुंची। हालांकि मुख्य सरगना रघुनंदन पाटीदार अपनी कार लेकर फरार हो गया, लेकिन जब पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी तो वहां पूरी ड्रग्स फैक्ट्री संचालित होती मिली। मौके से भारी मात्रा में ड्रग्स बनाने के उपकरण और अन्य केमिकल बरामद किए गए। इस कार्यवाही में मध्य प्रदेश की आगर और राजगढ़ पुलिस का विशेष सहयोग रहा।

इस पूरे ऑपरेशन में डीआरआई जयपुर के इनपुट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसपी अमित कुमार के अनुसार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 30 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अब पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि यह केमिकल कहां से सप्लाई हो रहा था और इसका नेटवर्क राजस्थान व मध्य प्रदेश के किन-किन हिस्सों में फैला है।

# नींव खुदाई के दौरान मिली इंसानी हड्डियां

- **पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**टोंक,** (कासं)। निवाई के बापू नगर कॉलोनी में एक निर्माणाधीन प्लॉट की नींव खुदाई के दौरान इंसानी हड्डियां मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हड्डियों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा पुलिस ने मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला बुधवार को निवाई कस्बे के 80 फीट रोड स्थित बापू नगर कॉलोनी का है, जहां मजदूरों ने नींव की खुदाई के दौरान हड्डियां देखीं, जिसके बाद उन्होंने तत्काल काम रोक दिया और स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी।

बाद में सूचना मिलते ही निवाई थाना पुलिस के एएसआई राजेंद्र सिंह जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने निर्माणाधीन प्लॉट को सुरक्षित कर हड्डियों को उप जिला अस्पताल निवाई भिजवाया। पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हड्डियां काफी पुरानी प्रतीत हो रही हैं, उनकी वास्तविक स्थिति और समय का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा है, वह पहले चरागाह भूमि थी। बाद में निवाई नगरपालिका द्वारा इसे कॉलोनी के रूप में विकसित किया गया। पुलिस सभी पहलुओं पर गौर करते हुए जांच कर रही है।

# अवैध अफीम व गांजे के पौधे जब्त

**उदयपुर,** (कासं)। भीण्डर थाना पुलिस ने खेत मे लगे अवेध अफीम व गांजे के पौधों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। भीण्डर थानाधिकारी पूनाराम गुर्जर मय टीम ने सूचना के आधार पर भीखावनिया गांव में रामदेव तिराये से महेन्द्रसिंह पुत्र भेरूसिंह के चार टुकडी खेत से अवैध मादक पदार्थ गांजा की फसल के 10 बोरो हरे पौधे कुल 369.500 किलोग्राम एवं हरे पौधे 597.880 किलोग्राम अफीम की फसल के पौधे जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

# चाकू मारकर छोटे भाई की हत्या

- **बडा भाई, भाभी और भतीजी गिरफ्तार एक नाबालिग को किया डिटेन**


**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवडा थाना पुलिस ने छोटे भाई की हत्या के आरोप में बडे भाई, भाभी और भतीजी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने आपसी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया था। यह घटना 30 जनवरी को पाल कोलखंडा में हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाल कोलखंडा निवासी हितेश परमार ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि हरीश परमार और उसके परिवार के सदस्यों ने मिलकर अपने छोटे भाई देवीलाल के पेट में चाकू घोंप दिया था। हमले में देवीलाल गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया था। आरोपियों ने हितेश परमार पर भी चाकू से हमला किया था। घायल देवीलाल को डूंगरपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। दोवडा थाने के थानाधिकारी ने बताया कि जांच के बाद पुलिस ने बडे भाई हरीश परमार भाभी चंदू देवी परमार और भतीजी अंजना परमार को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी पाल कोलखंडा के निवासी हैं। इसके अतिरिक्त एक नाबालिग को भी इस मामले में डिटेन किया गया है।

# खस्ताहाल महिला स्नानघर का भीण्डर क्लब ने बदला स्वरूप

- **मरम्मत, रंगरोगन व जलापूर्ति दुरुस्त, नगर पालिका का भी रहा सहयोग**

**भीण्डर,** (निसं)। महिलाओं की गरिमा और सुविधा से जुड़ा एक सराहनीय उदाहरण भीण्डर नगर में देखने को मिला। एक माह पहले तक जिस सार्वजनिक महिला स्नानघर में जाने से महिलाएं असहज महसूस करती थीं, आज वही स्नानघर अपने बदले हुए स्वरूप के कारण प्रशंसा का केंद्र बन गया है। भीण्डर नगर के एकमात्र सार्वजनिक महिला स्नानघर की बदहाल स्थिति को भीण्डर क्लब ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए उसका स्वरूप बदल दिया है। भीण्डर क्लब की पहल और नगर पालिका के सहयोग से महिला स्नानघर में मरम्मत कार्य, व्यापक सफाई, रंगरोगन एवं जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया गया।


भीण्डर क्लब की पहल के बाद बदला स्वरूप।

महिला स्नानघर में लंबे समय से गंदगी का अंबार और छज्जों पर मधुमक्खियों के छत्ते होने से उडती मक्खियों से महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नलकूप से आने वाले पानी की अनियमित सप्लाई और जर्जर दीवारों के कारण स्नान करना कठिन हो गया था। कई बार शिकायतों के बावजूद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा था।

समस्या को गंभीरता से लेते हुए भीण्डर क्लब संरक्षक कैलाश जांगिड़ ने पहल करते हुए सबसे पहले पूरे स्नानघर की गहन सफाई करवाई गई और मधुमक्खियों के छत्तों को सुरक्षित तरीके से हटाया गया। इसके बाद भवन की मरम्मत कर पूरे परिसर में रंगरोगन कराया गया, जिससे स्नानघर का स्वरूप पूरी तरह बदल गया। इसके साथ जलापूर्ति व्यवस्था के लिए भीण्डर क्लब द्वारा नगर पालिका पार्षद जितेन्द्र साहु को अवगत कराया।

इस पर पालिका के सहयोग से नई पानी की टंकी एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। भीण्डर क्लब द्वारा इन्हें स्थापित कर पूरे परिसर में नियमित और सुचारु जलापूर्ति शुरू की गई। इस अवसर पर भीण्डर क्लब संरक्षक चमन सोनी, पंकज वया, अध्यक्ष रत्नेश कोठारी, कोषाध्यक्ष शरद अठावाल, सचिव विकास चव्हाण, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राठौड़, पवन मंदावत, जितेन्द्र साहु, संदीप सामरिया आदि उपस्थित रहे।

# धमका कर अवैध वसूली के मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। जिले की सुखेर थाना पुलिस ने डरा-धमका कर अवैध वसूली के मामले में कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर नारायण दास वैष्णव को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी रविन्द्र चारण के अनुसार यह हार्डकोर अपराधी दिलीप नाथ गिरोह का सदस्य है। उसके साथ मिलकर पूर्व में गंभीर घटना को अंजाम दे चुका है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में डराने-धमकाने, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज है। सुखेर निवासी अभय डांगी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि इंस्टाग्राम के जरिए उससे कई बार रूपयों की मांग की गई। रूपये नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

उल्लेखनीय है कि 5 माह पूर्व आरोपी नारायण दास को महिला वेश में घूमते हुए पकड़ा था। आरोपी पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित था। उस वक्त इसे जमीन मालिक को धमका कर 35 लाख रूपये की अवेध वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया था। हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ के साथ मिल कर इस घटना को अंजाम दिया था।

# कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत पुलिस के लिए अनसुलझी पहेली बनी

- **गुत्थी को सुलझाने के लिए उनके बर्तन-चद्दर, कपड़ों की भी जांच होगी, जिस कमरे में उनकी मौत हुई, वहां की मिट्टी से लेकर कंघा और बालों जैसे 33 अलग- नूमूने तक जुटाए गए हैं। साध्वी को जहर दिया गया था या नहीं? इसकी जांच के लिए विसरा का नमूना भी एस एफ एल की लैब में पहुंच गया है**
- **पुलिस की साइबर सैल इन मोबाइल का डिलीट रिकॉर्ड रिकवर कर रही है। इसके बाद इन्हें एफएसएल टीम को सौंपा जाएगा**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत पुलिस के लिए अभी रहस्य बनी हुई है। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए उनके बर्तन-चद्दर, कपड़ों की भी जांच होगी। जिस कमरे में उनकी मौत हुई, वहां की मिट्टी से लेकर कंघा और बालों जैसे 33 अलग- नूमूने तक जुटाए गए हैं। साध्वी को जहर दिया गया था या नहीं? इसकी जांच के लिए विसरा का नमूना भी एस एफ एल की लैब में पहुंच गया है।

एफएसएल के सीनियर अधिकारी इन सैंपल की जांच में जुट गए हैं। करीब 7 दिन में एफएसएल अपनी रिपोर्ट को एसआईटी को देगी। इसके अलावा साध्वी प्रेम बाईसा, उनके पिता और सेवादार के मोबाइल का रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। 28 जनवरी को हुई कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत मामले में जिस तरीके से हर दिन नए मोड़ सामने आ रहे हैं, उस स्थिति में एफएसएल की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जोधपुर के बोरानाड़ा स्थित आरती नगर आश्रण से एफएसएल टीमों ने रविवार को एफएसएल सबूत जुटाने शुरू किए थे। इस केस के खुलासे के लिए दो तरीके से पर जांच हो रही है।

साध्वी प्रेम बाईसा, उनके पिता वीरमनाथ और सेवादार सुरेश का मोबाइल पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था। पुलिस की साइबर सैल इन मोबाइल का डिलीट रिकॉर्ड रिकवर कर रही है। इसके बाद इन्हें एफएसएल टीम को सौंपा जाएगा।

साध्वी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के कुछ घंटों बाद ही सुसाइड नोट सोशल मीडिया पर आया था। जिसमें कई तरह के आरोप लगाए गए थे। जांच के दौरान मोबाइल में मौजूद टेक्स्ट मैसेज और कथित सुसाइड नोट की भाषा और शब्दों की तुलना पहले पोस्ट किए गए मैसेज से होगी। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सुसाइड नोट साध्वी प्रेम बाईसा ने ही लिखा था या किसी ओर से लिख कर पोस्ट किया है।

साध्वी के शरीर के अंदरूनी अंगों का विसरा जुटाया गया है। विसरा जांच के बाद यह साफ हो सकेगा कि साध्वी प्रेम बाईसा के शरीर में किस प्रकार का पदार्थ (विषाक्त) गया, जिससे उनकी तबीयत इतनी खराब हुई कि मौत हो गई। अगर विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होती है, तो पुलिस पूरे मामले की जांच आत्महत्या और हत्या के एंगल से करेगी। तब तक एफएसएल उन 33 नूमनों की भी जांच कर लेगी जो घटनास्थल से जुटाए गए हैं। उस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस पता लगाएगी कि साध्वी को जहर दिया गया या फिर खुद लिया था। अगर विसरा रिपोर्ट में किसी भी प्रकार के जहर की पुष्टि नहीं होती है तो ऐसी स्थिति में साध्वी के पिता वीरमनाथ और सेवादार सुरेश के पॉलीग्राफी टेस्ट कराए जा सकते हैं।

राजस्थान एफएसएल के डायरेक्टर डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि पहली बार है, जब किसी संदिग्ध मौत की जांच के लिए इतने सैंपल लिए गए हैं। घटना के 5 दिन बाद एस आई टी दोबारा से साध्वी प्रेम बाईसा के कमरे में एफएसएल की टीम को लेकर गई। करीब 33 अलग-अलग चीजों के साक्ष्य लिए गए हैं। जिसमें साध्वी प्रेम बाईसा के वह बर्तन जिसमें उन्होंने खाना खाया। चादर जो उस दौरान बैड पर बिछी हुई थी।


**College of Veterinary and Animal Science**
Navania, Vallabhnagar, Udaipur (Rajasthan)

**WALK - IN INTERVIEW**

Eligible candidates are invited for Walk-in Interview for contractual engagement as Teaching Associates purely on temporary basis for a limited period at CVAS, Navania, Vallabhnagar, Udaipur. For interview schedule and other details, please visit University website www.rajuvas.org.

Raj.Samwad/C/25/19099 DEAN

**Office of the Superintendent Engineering Watershed Development and Soil Conservation, Karauli**

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No 36/2025-26 YEAR 2026**

Bids for Anicut, Talab, Talai, ECD, Mpt, LSCD, ECD, Pakka check dam, PB, Recharge shaft, RTWHS, SSB, Talab Renovation e.t.c of PMKSY 2.0 Block - TODABHIM & KARAULI estimated value INR 170.30 Lacs (89.97+80.33) are invited from interested bidders up to 06:00 PM, 08-02-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).

NIB Code- WSC2526A1466,
UBN NO.- WSC2526WSRC02530, WSC2526WSRC02531

Superintending Engineer
watershed development and soil conservation Department, Karauli

DIPR/C/2009/2026

राजस्थान सरकार
**कार्यालय जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग धौलपुर**

क्रमांक : सान्याअवि/2025/3232 दिनांक 28.01.2026

**Notice Inviting Bid 02/2025-26**

E- Bid for foam based orthopaedic mattresses for various government hostels operating under social justice and empowerment department dholpur are inviting from interested bidder upto 29/01/2026 10:00AM to 08/02/2026 05:00PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproce.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.gov.in) of the state; and social justice and empowerment department website. The approximate value of the procurement is RS. 13.70 Lakhs.

UBN no. SOC2526GLRC00365
NIB no. SOC2526A0335

जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, धौलपुर

DIPR/C/2008/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड धौलपुर**
मचकुण्ड चौराहा जी०टी०रोड धौलपुर
फोन नं.: 05642-220728, ई-मेल ee.dho.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 3377-84 दिनांक: 23.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 98 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड के अधीन विभिन्न कार्यो की उपरोक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्न यू.वी.एन. के अनुसार www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.rajwater. gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी किये जा सकतें है।

| | |
|---|---|
| एन.आई.वी.नं. | PHE2526A 5568 |
| यू.वी.एन. | PHE2526WSOB 11450 |

(जीतेन्द्र लवानियां)
अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड धौलपुर

DIPR/C/1698/2026

**कार्यालय भू-सम्पत्ति अधिकारी**
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

**निविदा सूचना संख्या 13 (2025-2026)**

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय भू–सम्पत्ति अधिकारी, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| निविदा का कार्य | निर्माण कार्य |
| निविदाओं की कुल लागत | रु. 28.45 लाख |
| निविदा बेचने की अंतिम तारीख | 06.02.2026 को सायं 1:00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख | 07.02.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 07.02.2026 को दोपहर 2.30 बजे। |

UBN : SKA2526WSOB00137 To SKA2526WSOB00143

आर.पी.डब्ल्यू.ए. 100 एवं Rajasthan Transparency in Public Procurement act 2012 की शर्ते लागू होंगी।

नोट :– निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण वेबसाईट www.raubikaner.org, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/19100 भू-सम्पति अधिकारी

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत अजमेर**
लोहाखान टेम्पो स्टेण्ड के पास, अजमेर
दूरभाष नम्बर 0145-2970165, E-Mail Address: seajmer@gmail.com

International Year of Cooperatives 2025

क्रमांकः अधी/नगर वृत/अजमेर/अंके-नलकूप/2025-26/11853-56 दिनांक : 30/1/2026

**निविदा सूचना (NIB No. 12 & 13/2025-26)**

राजस्थान के राज्यपाल की और से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निविदा संख्या 12 व 13/2025-26 पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से ऑनलाईन सिस्टम ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट पर आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं की अनुमानित लागत राशि रूपये 260.00 लाख है। विस्तृत निविदा सूचना जन सम्पर्क निदेशालय की वेबसाईट पर तथा निविदा प्रपत्र वेबसाईट एस०पी०पी०पी०, राजस्थान तथा ई-प्रोक्यरमेंट वेबसाईट से दिनांक 30.01.2026 से दिनांक 09.02.2026 को सायं 06:00 बजे तक डाउनलोड एवं इसी समय तक बिड प्रस्तुत की जा सकती है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 10.02.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन वेबसाईट एस.पी.पी.पी पर निविदा संख्या 12 हेतु आई.डी कमांक PHE2526A5860 और यू.बी.एन PHE2526WSOB12348 तथा निविदा संख्या 13 हेतु आई.डी कमांक PHE2526A5849 और यू.बी.एन नम्बर PHE2526WSOB12322 से निविदा प्रपत्रों का प्रकाशन किया गया है।

(रामचन्द्र राड़)
अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
नगर वृत अजमेर

DIPR/C/1766/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, नगर खण्ड़ प्रथम कोटा**

**-: निविदा सूचना संख्या 16/2025-26:-**
**UBN Code: PHE2526WSOB11492**

समुचित वर्ग के सूचीबद्ध सक्षम ठेकेदारों से विभाग के निम्न कार्य करने हेतु राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत पेयजल कार्यो से सम्बन्धित सेवाओं के उपापनों के सम्बन्ध में दिशा-निर्देशानुसार ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु नियमानुसार विहित अग्रिम धनराशि देने के पश्चात् निविदा हेतु पात्र होंगे, निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं दो लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 02.02.2026 प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाईन निविदाएँ इसी वेबसाईट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा दिनांक 02.02.2026 से दिनांक 12.02.2026 तक सांय 6:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। वेबसाईट पर उनके सम्मुख दिनांक 13.02.2026 को इस कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले दिन कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा शुल्क / प्रक्रिया शुल्क निविदादाता द्वारा ऑन लाईन चालान द्वारा निविदा प्रपत्रो में वर्णन अनुसार इस कार्यालय में सभी निविदा प्राप्ति की दिनांक 13.02.2026 तक को दोपहर 01:00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्नलिखित वेबसाईट पर देखे जा सकते है :-

1. www.dipronline.org
2. http://www.eproc.rajasthan.gov.in
3. http://sppp.rajasthan.gov.in

(अभिषेक मिश्रा)
अधिशाषी अभियंता
जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
नगर खण्ड़ प्रथम कोटा

DIPR/C/1749/2026 "जल ही जीवन है"

राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ. नीलामी / निलामी (ML01)/2026/ई - 14179

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत निम्नांकित प्लॉटो के आंवटन ई-नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | खनिज का नाम | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| चितोडगढ | निम्बाहेडा | गढवाडा | मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु) | 2 |
| डीग | सीकरी | बासबुर्जा | मेसेनरी स्टोन | 4 |
| सवाई माधोपुर | बजीरपुर | श्यारोली | मेसेनरी स्टोन | 9 |
| चितौड़गढ़ | भदेसर | भालोट | मार्बल | 6 |
| झालावाड़ | बकानी | बरखेड़ा कलां | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| बाड़मेर | रामसर | भाचभर | मेसेनरी स्टोन | 10 |
| कोटा | चेचट | चेचट | लाइमस्टोन (डायमेन्शनल) व मेसेनरी स्टोन | 3 |
| जोधपुर | ओसियां | बैठवासियां | सैण्ड स्टोन | 20 |
| बून्दी | नैनवा | भीमगंज | रेड ऑकर, येला ऑकर व चायना क्ले | 2 |
| बाड़मेर | बाड़मेर | सुरा नरपतान | ग्रेनाइट | 5 |
| जोधपुर | बालेसर | खुडियाला | सैण्ड स्टोन | 5 |
| जोधपुर | बालेसर | दानसिंह नगर | सैण्ड स्टोन | 7 |
| जोधपुर | बालेसर | खुडियाला व दानसिंह नगर | सैण्ड स्टोन | 1 |
| जोधपुर | बावड़ी | कास्टी | सैण्ड स्टोन | 10 |
| | | | कुल प्लॉट | 89 |

**विशेष नोटः-** 1 प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(महावीर प्रसाद मीणा)
निदेशक

DIPR/C/1799/2026

**राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि.,**
जी-1/138, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302017 फोन : 0141-2751417
E-mail- raj_coop_press@yahoo.co.in Website : www.thecooperativepress.com

क्रमांक/टाटासमु/प्रशा/388-xii/2025-26/2655 दिनांक 05.02.2026

NIB Code: SML2526A0001 **निविदा सूचना** NIB Ref. No.: RRSM/Tender/2026-27

मुद्रणालय द्वारा वर्ष 2026-27 (31.03.2027 तक) की अवधि के लिये समय - समय पर आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार की सामग्री क्रय / कार्य हेतु निम्नानुसार (टू बिड पद्धति द्वारा) निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | विवरण | निविदा प्रक्रिया | अनुमानित राशि | बोली प्रतिभूति राशि | बिड शुल्क | प्रोसेसिंग फीस | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न प्रकार के कागज का क्रय | ऑनलाईन | रू. 1800 लाख | रू. 36.00 लाख | रू. 1000 | रू. 2500 | 25.02.2026 |
| 2 | ऑफसेट मुद्रण कार्य हेतु एमपेनलमेन्ट | ऑनलाईन | रू. 700 लाख | रू. 14.00 लाख | रू. 1000 | रू. 2500 | 25.02.2026 |
| 3 | फ्लेक्स विनायल, होर्डिंग, स्टेण्डी, सनबोर्ड डिजिटल वॉल पेंटिंग कार्य हेतु एमपेनलमेन्ट | ऑनलाईन | रू. 200 लाख | रू. 4.00 लाख | रू. 1000 | रू. 2000 | 25.02.2026 |
| 4 | मुद्रित सामग्री के बंधन कार्य हेतु एमपेनलमेन्ट | ऑनलाईन | रू. 100 लाख | रू. 2.00 लाख | रू. 1000 | रू. 1500 | 14.02.2026 |
| 5 | ट्रांसपोर्टेशन कार्य | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 6 | विभिन्न प्रकार के मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स का क्रय | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 7 | विभिन्न प्रकार के मुद्रित लिफाफे क्रय | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 8 | मुद्रण सामग्री (प्लेट, केमिकल्स, फिल्म, स्याहियां आदि) क्रय | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 9 | ओएमआर प्रिंटिंग एवं बार कोड नम्बरिंग | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 10 | विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक कवर्स का क्रय | ऑफलाईन | रू. 5 लाख | रू. 10 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 11 | डीटीपी कम्पोजिंग, स्क्रीन प्रिंटिंग, स्टीकर मेकिंग इत्यादि कार्य | ऑफलाईन | रू. 5 लाख | रू. 10 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 12 | रद्दी/कतरन इत्यादि विक्रय | ऑफलाईन | रू.5 लाख | रू. 10 हजार | रू. 200 | शून्य | 11.02.2026 |

1. ऑनलाईन निविदाओं हेतु बिड शुल्क रु. 1000/- राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि., जयपुर के नाम एवं प्रोसेसिंग फीस रू. 2500/- (क्रम सं. 1 व 2) रु. 2000/- (क्रम सं. 3) एवं रु. 1500/- (क्रम सं. 4) MD RISL के नाम से डीडी जमा करवाना होगा।
2. बिड/निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण व शर्ते निविदा प्रपत्र में तथा वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in एवं मुद्रणालय की वेबसाईट www.thecooperativepress.com पर उपलब्ध है। ऑनलाईन बिड / निविदा वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जानी है।
3. ऑफलाईन निविदाएं (क्र.सं. 5 से 12) हेतु बिड शुल्क जमा कराकर निविदा प्रपत्र मुद्रणालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदाएं निर्धारित अंतिम तिथि को सायं 5.00 बजे तक मुद्रणालय में प्रस्तुत की जा सकेंगी। जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 12 एवं 13 फरवरी, 2026 को प्रातः 11.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी।
4. बिड/निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में ली जा सकती है।
5. सामग्री क्रय/कार्य वर्ष भर समय - समय पर मुद्रणालय की आवश्यकतानुसार करवाया जायेगा।
6. विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(मुरार सिंह जाड़ावत)
प्रबन्ध निदेशक